प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 13.01.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को नया आकार दे रही है।

2— बस्तर संभाग के समग्र विकास के लिए आगामी तीन वर्षों की व्यापक कार्ययोजना बनाई जाएगी—मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में की घोषणा।

3— अंबिकापुर सहकारी बैंक में तैंतालीस करोड़ रूपये और बरमकेला सहकारी बैंक में नौ करोड़ रूपये के घोटाले की जांच जल्द ही ईओडब्ल्यू को सौंपी जाएगी।

4— फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है—कल मनाया जाएगा मकर संक्रांति का पर्व।

**अब समाचार विस्तार से .....**

## प्रधानमंत्री—यंग लीडर्स डायलॉग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को नया आकार दे रही है। यह बात उन्होंने नई दिल्ली में कल विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि युवा नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के प्रयासों से ये देश रचनात्मक और प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों में तेज़ी से विकास कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया से रचनाकारों का एक नया समुदाय तैयार हुआ है, जिससे ऑरेंज इकोनॉमी को अभूतपूर्व गति मिली है।

**आज एक युवा ड्रोन बना रहा है, तो दूसरा युवा एंटीड्रोन सिस्टम बना रहा है। कोई ए.आई. कैमरा बना रहा है, कोई रोबोटिक्स पर काम कर रहा है। साथियों डिजिटल इंडिया ने भी भारत में क्रिएटर्स की एक नई कम्यूनिटी खड़ी कर दी है। भारत आज ऑरेंज इकोनॉमी, यानि कल्चर कंटेंट और क्रिएटिविटी का अभूतपूर्व विकास होते देख रहा है। भारत मीडिया, फिल्म, गेमिंग, म्यूज़िक, डिजिटल टैलेंट, वी.आर., एस.आर. जैसे क्षेत्रों में एक बड़ा ग्लोबल सेंटर बन रहा है।**

## केंद्रीय राज्यमंत्री—युवा मुलाकात

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर "विकसित भारत : यंग लीडर डायलॉग" के लिए चयनित छत्तीसगढ़ के सौ युवाओं से मुलाकात की। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा विकसित भारत – दो हजार सैंतालीस की प्रेरक शक्ति बनकर उभर रहे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "नेशन फर्स्ट" मंत्र को अपने साथ लेकर जाएं।

इस अवसर पर सांस्कृतिक श्रेणी के तीस प्रतिभागी, दस विभिन्न विषयों के अंतर्गत चैलेंज ट्रैक के पैंतालीस प्रतिभागी, पाथब्रेकर्स, माय भारत वॉलंटियर्स और राज्य के अधिकारी मौजूद थे।

## युवा रत्न सम्मान

राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल रायपुर में युवा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के आठ युवाओं और धमतरी जिले के खुरतुली की युवा स्टार सेवा समिति को सम्मानित किया। उन्होंने बेमेतरा के एस्ट्रोफिजिक्स में सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक और पीएचडी छात्र तथा एनएएसओ ओलंपियाड में स्वर्ण पदक से सम्मानित पीयूष जायसवाल को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान प्रदान किया।

वहीं, राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का जीवंत प्रसारण किया गया।

## मुख्यमंत्री–बैठक

बस्तर संभाग के समग्र विकास को लेकर आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर क्षेत्र में शांति, सुशासन और विकास को लेकर शासन की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बस्तर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों के लिए बस्तर के विकास की एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर उसे मिशन मोड में लागू किया जाएगा।

श्री साय ने कहा कि इस क्षेत्र में विकास के लिए बड़ी बाधा रहे नक्सलवाद का अंत अब निर्णायक चरण पर पहुंच चुका है। नक्सलवाद की समाप्ति के साथ–साथ बस्तर संभाग में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल, बिजली और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेज गति से विस्तार आवश्यक है।

आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रायपुर, बिरगांव नगर निगम और आसपास के क्षेत्रों के विकास कार्यों को लेकर भी एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें राजधानी रायपुर के समग्र विकास को लेकर भी विस्तार से मंथन किया गया।

मुख्यमंत्री ने बढ़ते शहरीकरण के अनुरूप इन इलाकों में विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े अधोसंरचना संबंधी कार्यों को समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

## विवाह पंजीयन–अनिवार्य

विवाह संबंधी रिकॉर्ड को विधि सम्मत बनाने और भविष्य में उत्पन्न होने वाले कानूनी विवादों को रोकने के लिए विधि और विधायी कार्य विभाग ने उनतीस जनवरी दो हजार सोलह और उसके बाद संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। अधिसूचना के तहत तय प्रक्रिया के अनुसार संबंधित पक्षों को निर्धारित समय–सीमा में विवाह पंजीयन कराना होगा।

## वीबी–जी राम जी कानून

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्यमंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी कानून हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पहले के सौ दिन के स्थान पर एक सौ पच्चीस दिन के वेतन वाली रोज़गार की गारंटी देता है। नई दिल्ली में आज विकसित भारत जी–राम–जी पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह योजना बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान कृषि मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल साठ दिनों की बिना काम की अवधि भी प्रदान करती है।

शिक्षक–संविलियन

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत पंचायत और नगरीय निकाय संवर्ग के शिक्षकों के संविलियन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। आज एक सौ बारह शिक्षकों का संविलियन किया गया है, जिनमें सौ शिक्षक पंचायत संवर्ग से तथा बारह शिक्षक नगरीय निकाय संवर्ग से हैं।

संभागीय और जिला शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित संभाग और जिला स्तर पर संवर्ग के पदों पर संविलियन आदेश जारी कर शिक्षकों की स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थापना कर दी गई है।

## केदारनाथ गुप्ता–प्रेसवार्ता

राज्य के सहकारी बैंकों में नवाचार के साथ ही भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। यह बात छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही।

एक प्रश्न के जवाब में श्री गुप्ता ने बताया कि अंबिकापुर सहकारी बैंक में तैंतालीस करोड़ रूपये और बरमकेला सहकारी बैंक में नौ करोड़ रूपये के घोटाले की जांच जल्द ही ईओडब्ल्यू को सौंपी जाएगी।

श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अब तक समर्थन मूल्य पर सत्रह लाख सत्ताईस हजार किसानों से पंचानवे लाख मीटरिक टन से अधिक धान खरीदा गया है। इसके एवज में किसानों को बाईस हजार तीन सौ उनहत्तर करोड़ रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

## उच्च शिक्षा विभाग–भर्ती प्रक्रिया

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आठ सौ अस्सी विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे। इनमें प्रयोगशाला परिचारक के चार सौ तीस, भृत्य के दो सौ दस, चौकीदार के दो सौ दस और स्वीपर के तीस पद शामिल हैं।
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा प्रयोगशाला परिचारक के पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। चुने हुए अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। वहीं, भृत्य, चौकीदार औरं स्वीपर के पद पर सीधी भर्ती के लिए परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी व्यापमं को सौंप दी गई है।

## वंदेमातरम–गायन

पंद्रह जनवरी सेना दिवस और वंदेमातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के तीन हजार स्कूल–कॉलेजों के पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों के साथ विधायक, पार्षद, पंच और सरपंच वंदेमातरम का गायन करेंगे। यह जानकारी रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज एक पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम रायपुर स्थित सुभाष स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां बीस हजार युवा भाग लेंगे। इस अवसर पर डाक परिमंडल द्वारा वंदेमातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर पिक्चर पोस्टकार्ड भी जारी किया जाएगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थी प्रस्तुति देंगे। सर्वश्रेष्ठ तीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## बीजापुर–चित्र प्रदर्शनी

केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा बीजापुर में 'विकसित भारत दो हजार सैंतालीस' विषय पर दो दिवसीय जन–जागरूकता कार्यक्रम और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा और नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रदर्शनी के दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। वहीं, स्कूली छात्र–छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**लोहड़ी / मकर संक्रांति**

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं।

कल मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने प्रदेशवासियों से पतंगों के इस उल्लासपूर्ण पर्व को सुरक्षित, जिम्मेदार और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि चीनी मांझे से हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर इसका उपयोग प्रतिबंधित है। यह आमजनों, पक्षियों और राहगीरों के लिए भी गंभीर खतरा बनता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि चीनी मांझे पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

**भिलाई–फिजियोथैरेपी केन्द्र**

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में भिलाई के सेक्टर–दस में 'निःशुल्क फिजियोथैरेपी केन्द्र' शुरू किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र–बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने इस केन्द्र का उद्घाटन करते हुए बताया कि यह परियोजना बीएसपी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का हिस्सा है, जिसका संचालन निजी संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। इस फिजियोथैरेपी केन्द्र में सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और ऑटिज़्म जैसी चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों का इलाज किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>